पंजाब केसरी 19/03/2024

खुड्डा कलां में हुआ 7 दिवसीय शिविर का समापन

अम्बाला, 18 मार्च (बलराम): जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट एन.एस.एस. यूनिट द्वारा 7 दिवसीय शिविर का समापन गांव खुड्डा कलां में हुआ। डा. धर्मवीर सैनी ने अपने सामूहिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया कि हमारे स्वयंसेवकों ने बड़ी तन्मयता के साथ 7 दिन गांव के लोगों को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया।

इस साप्ताहिक शिविर के दौरान अनेक वैचारिक संगोष्ठियों, विभिन्न रैलियों, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कालेज एल्यूमिनी प्रेसीडैंट अंजली वधावन ने हमारे विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए और बताया कि विद्यार्थियों को हमेशा प्रसन्न रहना चाहिए और देश के लिए समर्पित होना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार दिए।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने एन.एस.एस. यूनिट को बधाई देते हुए कहा कि एन.एस.एस. शिविर में हमारे स्वयंसेवकों ने बड़ी लगन के साथ कार्य किया।

लोगों को मतदान के बारे में, पर्यावरण मुद्दों पर जागृत कर अपने नागरिक होने की भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि युवा ही भारत को शक्ति, ऊर्जा एवं दिशा देते हैं। जब युवा आत्मनिर्भर होंगे, तभी भारत वैश्विक पटल पर लीक से हटकर होगा।

डा. अनीश ने बताया कि हमारे विद्यार्थियों ने शिविर के 7वें दिन आपस में विचार सांझे किए। डा. सरोज ने बताया शिविर के दौरान हमारे स्वयंसेवकों ने गांव के बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।

7 दिवसीय शिविर का समापन अवसर पर गांव खुड्डा कलां में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी व मौजूद अन्य। (चंद्रमोहन)